# 22 राजस्थान की जनजातियाँ

1. 'धारी संस्कार' किस आदिवासी जनजाति में प्रचलित है?
(1) सहरिया (2) गरासिया
(3) भील (4) मीणा

2. घने वनों में निवास करने वाले सहरिया परिवार के लोग पेड़ों पर मचाननुमा झोपड़ी बनाते हैं उसको किस नाम से जाना जाता है?
(1) टोपा (2) कोरूआ
(3) कू (4) 1 व 2 दोनों

3. पाली का सोजत क्षेत्र किसलिए प्रसिद्ध है?
(1) सहरियो की फाग (2) गरासियों की फाग ओढ़नी
(3) सांसी जनजाति का तीर्थ (4) कावड़ निर्माण के लिए

4. मैदानी भागों में की जाने वाली कृषि 'दजिया' कौनसी जनजाति के लोग सर्वाधिक करते है?
(1) मीणा (2) सांसी
(3) भील (4) कथौडी

5. 'हाथीमना नृत्य' किस जनजाति द्वारा सर्वाधिक किया जाता है?
(1) सांसी (2) भील
(3) मीणा (4) सहरिया

6. मीणा जनजाति के प्रसिद्ध पांच कबीलों को किस नाम से जाना जाता है?
(1) पाँच सितारे (2) पंचलड़ा
(3) पंचवाड़ा (4) पंचायत

7. भीलों का सबसे प्रमुख त्योहार है?
(1) होली (2) रक्षाबन्धन
(3) दीपावली (4) शिवरात्रि

8. आदिवासियों के कुम्भ के नाम से प्रसिद्ध बेणेश्वर मेला कब लगता है?
(1) कार्तिक पूर्णिमा (2) माघ पूर्णिमा
(3) चैत्रा शुक्ल तृतीया (4) आश्विन पूर्णिमा

9. भील पुरुषों द्वारा सिर को ढकने का सफेद वस्त्र क्या कहलाता है?
(1) पोत्या (2) पगड़ी
(3) अंगोछा (4) ढेपाड़ा

10. 'सिंदूरी' है?
(1) भील स्त्रियों द्वारा पहनी जाने वाली हरे रंग की साड़ी
(2) भील स्त्रियों द्वारा पहनी जाने वाली लाल रंग की साड़ी
(3) भीलों जनजाति की वृद्ध महिला
(4) भीलों में सबसे उच्च माना जाने वाला गोत्र

11. होली के अवसर पर भील कौनसा नृत्य करते है?
(1) हाथिमना (2) गैर
(3) गवरी (4) राई

12. भीलों द्वारा कन्या का मूल्य चुकाये जाने की प्रथा कहलाती है?
(1) दापा (2) ढारिया
(3) गमेती (4) नतारा

13. छेड़ा फाड़ना है?
(1) विवाह संबंध तोड़ना (2) विवाह रस्म
(3) मृत्युभोज देना (4) जन्म संस्कार

14. राजस्थान में किस जनजाति की जनसंख्या सर्वाधिक है?
(1) मीणा (2) भील
(3) गरासिया (4) सहरिया

15. मरे हुए व्यक्ति के मुँह में शराब की बूंदे किस जनजाति के लोगों द्वारा डाली जाती हैं?
(1) भील (2) गरासिया
(3) सहरिया (4) कंजर

16. सहरिया जनजाति में मुखिया को क्या कहते है?
(1) गमेती (2) प्रधान
(3) मेठ (4) कोतवाल

17. किस जनजाति को भारत सरकार द्वारा आदिम जनजाति समूह की सूची में रखा गया है?
(1) सहरिया (2) गरासिया
(3) भील (4) कथौडी

18. राज्य में सहरिया जनजाति का प्रमुख स्थान कौनसा है?
(1) अलवर जिले की राजगढ़ व भिवाड़ी तहसील
(2) बाँसवाड़ा के गढ़ी व घाटोल
(3) जयपुर में शाहपुरा व बस्सी तहसील
(4) बारां जिले की शाहबाद व किशनगंज तहसील

19. कौनसी जनजाति के लोग 'हाकम राजा का प्याला' पीकर झूठ नहीं बोलते?
(1) सहरिया (2) कंजर
(3) गरासिया (4) डामोर

20. माणिक्यलाल वर्मा आदिम जाति शोध एंव प्रशिक्षण संस्थान कहाँ है?
(1) जयपुर (2) जोधपुर
(3) उदयपुर (4) जालौर

21. राजस्थान की ऐसी जनजाति जो कभी भीख नही मांगती?
(1) सहरिया (2) कंजर
(3) कालबेलिया (4) कथौड़ी

22. 'फाइरे फाइरे' किस जनजाति का रणघोष है?
(1) कंजर (2) गरासिया
(3) सहरिया (4) भील

23. 'लीला–मोरिया' क्या है?
(1) वैवाहिक संस्कार
(2) जन्म संस्कार
(3) कृषि प्रकार
(4) फसल काटने पर गाया जाने वाला गीत

24. 'गोफना' क्या है?
(1) सहरिया जनजाति द्वारा वृक्ष पर बनाई गई मचाननुमा झोंपड़ी
(2) पत्थर फेंकने का यंत्र
(3) सहरिया जनजाति द्वारा विवाह अवसर पर दिया जाने वाला भोजन
(4) आदिवासी लोगों की विवाह की रस्म

25. छेला बावसी के मेले में विशेष रूप से निम्न में से कौन भाग लेते हैं?
(1) डामोर (2) गरासिया
(3) सहरिया (4) कथौड़ी

26. राज्य में सर्वाधिक व न्यूनतम जनजाति जनसंख्या किन जिलों में पायी जाती है?
(1) उदयपुर– हनुमानगढ़ (2) बीकानेर– उदयपुर
(3) उदयपुर– बीकानेर (4) बासवाड़ा–नागौर

27. मीणा जनजाति के कितने वर्ग किए गये है?
(1) दो (2) तीन
(3) पांच (4) एक

28. भगोरिया क्या है?
(1) भीलों का त्योहार (2) विवाह की रस्म
(3) कथौड़ी जनजाति के घर (4) भीलों के झौंपड़े

29. यदि कोई भील पुरुष किसी गरासिया स्त्री से विवाह कर लेता है, तो वह क्या कहलाता है?
(1) गमेती गरासिया (2) भील गरासिया
(3) सहलोत गरासिया (4) वर्ण भील

30. सांसी जनजाति की दो उपशाखाएँ कौनसी है?
(1) चौकीदार व जर्मीदार
(2) बीजा व माला
(3) सहरोल व पालवी
(4) मोटी नियात व निचली नियात

31. किस जनजाति के सबसे प्रिय लोकदेवता तेजाजी है?
(1) गरासिया (2) सहरिया
(3) कंजर (4) सांसी

32. घेर क्या है?
(1) भीलों के घर (2) कंजरों की झोपड़ियाँ
(3) डामोर जनजाति के घर (4) गरासियों के घर

33. आदिवासियों में मृत्यु के समय दिया जाने वाला भोज क्या कहलाता है?
(1) लोकाई (2) कांदिया
(3) 1 व 2 दोनों (4) जवेरा

34. हासिल वट्ट, हाडीवट्ट, छोटावट्ट क्या है?
(1) कृषि व्यवस्था (2) विवाह की रस्म
(3) जन्म संस्कार (4) इनमें से कोई नहीं

35. मीणा व भील जनजाति के बाद राजस्थान में तीसरे स्थान पर कौनसी जनजाति पायी जाती है?
(1) सहरिया (2) कंजर
(3) कालबेलिया (4) गरासिया

36. जनजाति उपयोजना क्षेत्र में रहने वाले आदिवासी परिवारों की भूमि को विकसित करने व जीविकोपार्जन के स्थाई साधन उपलब्ध कराने की कौनसी योजना है?
(1) केशवबाड़ी योजना (2) माँ बाड़ी योजना
(3) जनजाति स्वरोजगार योजना (4) इनमें से कोई नहीं

37. राज्य में संख्या की दृष्टि से दूसरे स्थान पर कौनसी जनजाति पाई जाती है?
(1) गवासिया (2) मीणा
(3) भील (4) सहरिया

38. वह जनजाति जिसमें विधवा विवाह की चार प्रथाएँ देवर, पेरावरानु, ओनु करावनु, खेरदार रखना प्रचलित है?
(1) कंजर (2) सांसी
(3) भील (4) कथौडी

39. किस अनुच्छेद में अनुचित जाति व जनजाति का प्रावधान है?
(1) अनुच्छेद 356-357 (2) अनुच्छेद 341-342
(3) अनुच्छेद 62-363 (4) अनुच्छेद 345

40. भाँत की ओढ़नी या दुपट्टा किस जाति की महिलाओं में प्रचलित है?
(1) मीणा जाति की (2) भीलजाति की
(3) गरासिया जाति की (4) सहरिया जाति की

Lead, Read and Achieve
Dhindhwal Publication